# कार्यालय; उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी पलामू, मेदिनीनगर।

(जिला स्थापना शाखा)

दूरभाष सं0–06562–224033 का/224044 (आ) Email ID dc-pal@nic.in/edcpalamu@gmail.com

## पलामू जिला अन्तर्गत चतुर्थ वर्ग के पद पर पैनल निर्माण हेतु विज्ञापन

## (विज्ञापन सं0–01/2025)

आवेदन दिनांक– 05.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक स्वीकार किया जायेगा।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal No. (s) 13950-13951/2024 (Arising out of SLP Civil no. 6120-6121/2023) में दिनांक–10.02.2025 को (कंडिका 41(IV)) में पारित अंश निम्नवत है :– "In the interest of justice, we direct that the fresh notification shall be issued in terms of our direction(supra) within six months from today and will specifically provide suitable age relaxation in order to accommodate all such aspirants, who would have in the supervening period and during the pendency of the present litigation crossed the age limit for selection on the subject posts".

पलामू जिला के अन्तर्गत समाहरणालय एवं अन्य विभिन्न कार्यालयों में चतुर्थ वर्ग (जिलास्तरीय) के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति/पैनल निर्माण हेतु योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों से निबंधित डाक द्वारा विहित प्रपत्र में जिला नियोजनालय कार्यालय पलामू के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। (कोई भी आवेदन सीधे स्वीकार नहीं किया जायेगा)।

1. पदनाम :– चतुर्थ वर्ग
2. वेतनमान :– **PB-I (5200-20200) ग्रेड वेतन–1800, सातवें वेतन पुनरीक्षण के आलोक में लेबल–01**
3. रिक्त पदों की सं0–585
4. पैनल निर्माण हेतु रिक्त पदों की संख्या का दुगुना अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

| क्र0 सं0 | विभाग/कार्यालय का नाम | जिला स्तरीय चतुर्थ वर्गीय पद के रिक्त पदों की विवरणी | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अ0जा0 | अ0ज0जा0 | अ0पि0वर्ग | पि0वर्ग | आ0क0वर्ग | कुल रिक्त पद |
| 1 | पलामू समाहरणालय | 79 | 38 | 00 | 07 | 02 | 06 | 132 |
| 2 | जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय, पलामू | 115 | 75 | 21 | 20 | 13 | 29 | 273 |
| 3 | स्वास्थ्य विभाग, पलामू जिला | 61 | 40 | 13 | 13 | 09 | 15 | 151 |
| 4 | जिला सहकारिता कार्यालय पलामू | 2 | 1 | . | . | . | . | 03 |
| 5 | वन प्रमण्डल मेदिनीनगर | 11 | 8 | 01 | 02 | 01 | 03 | 26 |
| | योग:– | 268 | 162 | 35 | 42 | 25 | 53 | 585 |

5. **नियोजनालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05.07.2025 के अपराह्न 5 बजे तक होगी।** अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, अधूरे आवेदन एवं वांछित प्रमाण–पत्र के बिना दिये गये आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आवेदक द्वारा दी गई सूचना गलत पाये जाने पर किसी भी समय अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता/पात्रता निरस्त करते हुये यथोचित कानूनी कार्यवाई की जायेगी।

6. **माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा Civil Appeal no. (s) 13950-13951/2024 (Arising out of SLP Civil no. 6120-6121/2023) में दिनांक–10.02.2025 को पारित न्याय निर्णय एवं कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखण्ड राँची का पत्रांक–1325 दिनांक–05.03.2025, पत्रांक 3577 दिनांक–25.04.1997,** 16441 दिनांक–03.12.1980 एवं वित्त विभागीय पत्र संख्या 1859 दिनांक–02.09.2011 द्वारा प्राप्त निदेश के **आलोक में चतुर्थ वर्गीय पद पर नियुक्ति हेतु पैनल निर्माण निम्न बिन्दुओं के आलोक में तैयार की जायेगी :–**
   - उम्मीदवार को नियोजनालय में निबंधित होना अनिर्वाय होगा।
   - शैक्षणिक योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होगी।
   - उम्मीदवार को स्वस्थ्य होना अनिवार्य होगा।
   - साईकिल चालन का ज्ञान अनिवार्य होगा।
   - अन्य बातें समान होने की स्थिति में अधिक उम्र वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।
   - तैयार पैनल की मान्यता एक वर्ष के लिए होगी तत्पश्चात इसकी मान्यता स्वतः समाप्त हो जायेगी।
   - स्थानीय क्षेत्रों के उम्मीदवारों को यथा साध्य प्राथमिकता दी जायेगी।
   - विज्ञापन सं0 01/2010 के आलोक में दिनांक 05.11.2017 को आयोजित परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को ही उम्र सीमा में 15 वर्षो की छुट दिया जायेगा।
   - कुल रिक्ति का 2 (दो) गुणा उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया जायेगा।

7. **आरक्षणः–** झारखण्ड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय मुफस्सिल स्थापना के लिए लागू आदर्श आरक्षण।

   **क्षैतिज आरक्षण :–**

   (I) खेल कूद कोटा के खिलाडियो को 2 प्रतिशत क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा। (पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प 1709 दिनांक 12.09.2007)

   (II) निःशक्त व्यक्ति हेतु 4 (चार) प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प सं0 2249, दिनांक–03.04.2018)

   (III) अनुसूचित जनजाति के आरक्षित कोटि में से 2 (दो) प्रतिशत पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति के लिए आरक्षित होगा। (का0 प्र0 सु0 तथा रा0 वि0 झा0 राँची के संकल्प सं0 5555, दिनांक 28.06.2016)

   (IV) महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत पद क्षैतिज रूप से आरक्षित होगा। (कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प सं0 8281, दिनांक–03.12.2021)

8. **शैक्षणिक योग्यता :–** चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान/बोर्ड से दसवीं उर्तीण (वित विभागीय पत्र सं0 1859/वि0 दिनांक 02.09.2011)।

9. **चरित्र :–** अभ्यर्थी का चरित्र अच्छा हो एवं अपराधिक इतिहास न रहा हो। अंचल अधिकारी से अन्यून स्तर के पदाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण प्रत्र मान्य होगा, जिसे नियुक्ति के पूर्व प्रमाण पत्र सत्यापन के समय मूल रूप में उपलब्ध कराना होगा।

10. **उम्र सीमा :– (उम्र की गणना तिथि 15.06.2025 से की जायेगी)।**

(i) माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के न्यायादेश के आलोक में वैसे उम्मीदवार जिन्हें दिनांक 5.11.2017 को आयोजित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र निर्गत किया गया, तथा उक्त तिथि को आयोजित परीक्षा में शामिल हुए है, वैसे सभी कोटि के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में 15 वर्ष की छुट दी जायेगी।

(ii) **क्रमांक (I) के अलावे अन्य उम्मीदवार :–** सामान्य वर्ग के लिये आवेदक की आयु 18 वर्ष से 35 वर्ष, पिछड़े/अत्यंत पिछड़े वर्ग के लिये 18 से 37 वर्ष, महिला वर्ग के लिये 18 से 38 वर्ष एवं अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति के लिये 18 से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। दिव्यांग उम्मीदवारों को निर्धारित आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छुट प्रदान की जायेगी।

11. **नियुक्ति प्रक्रिया :–**

- दसवीं में प्राप्त अंक के आधार पर मेधासूची तैयार की जायेंगी।
- समान अंक प्राप्त उम्मीदवारों को उम्र के आलोक में अधिमानता प्रदान की जायेगी।
- दसवीं में प्राप्त अंक एवं उम्र में समानता होने पर स्थानीय (पलामू जिला) उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।
- पैनल संधारण हेतु निर्धारित संख्या का दो गुना (अर्थात 1170x2=2340) अभ्यर्थियों कों स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन हेतु आमंत्रण पत्र निर्गत किया जायेगा।
- स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन में योग्य पाये गए अभ्यर्थियों की पैनल तैयार की जायेगी जिसकी मान्यता एक वर्ष होगी। एक वर्ष के पश्चात् तैयार पैनल की मान्यता स्वतः समाप्त समझी जायेगी।
- तैयार पैनल से रिक्ति अनुसार संबंधित कार्यालय/विभाग में नियुक्ति हेतु अनुशंसा भेजी जायेगी।

12. **आवेदन करने की प्रक्रिया:–**

**(क) उपरोक्त योग्यता–सह–अहर्त्ता रखने वाले उम्मीदवार विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित कागजातों/दस्तावेजो की स्वअभिप्रमाणित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे:–**

(i) दसवीं उत्तीर्णता संबंधी शैक्षणिक अंक–पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की प्रति।

(ii) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत अद्यतन स्थानीय निवासी एवं जाति प्रमाण पत्र।

(iii) स्वअभिप्रमाणित दो अद्यतन पासपोर्ट साईज फोटो।

(iv) फोटो युक्त स्वहस्ताक्षरित अद्यतन पहचान पत्र की प्रति।

(v) शपथ पत्र

(vi) दिनांक–05.11.2017 को आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र (यदि हो तो)

(vii) नियोजन कार्यालय से निर्गत निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।

(viii) अन्य कोई विशेष योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र। (यथा– खेलकूद/दिव्यांग्यता इत्यादि)

(ix) स्वपता लिखा लिफाफा जिसके उपर 26 रू0 का डाक टिकट लगा हो।

(ख) आवेदन को लिफाफे में बंद कर लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम एवं कोटि अंकित कर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से जिला नियोजनालय कार्यालय, पलामू में निर्धारित तिथि तक भेजना आवश्यक है। किसी भी स्थिति में हाथों-हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(ग) नियोजनालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक होगी। आवेदन पत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से ही प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पत्र अंतिम तिथि/समय के बाद प्राप्त होने पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(घ) अन्य विवरणी जिला के अधिकृत वेबसाईट http://palamu.nic.in पर देखा जा सकता है एवं प्रपत्र/आवेदन पत्र को डाउनलोड किया जा सकता है।

(ङ) परीक्षा शुल्क के रूप में अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रू0 एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/महिला वर्ग के लिए 125 रू0 का भारतीय पोस्टल ऑडर/बैंक ड्राफ्ट जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से भुगतेय होगा, संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(च) स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन टेस्ट हेतु तिथि दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से अलग से सूचना जारी की जाएगी जिसे जिला के अधिकृत वेबसाईट http://palamu.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

(छ) उक्त विज्ञापन में निहित शर्तें, राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निदेश अथवा माननीय न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित होगा। तद्नुसार विज्ञापन, नियुक्ति प्रक्रिया एवं रिक्तियो की संख्या में आंशिक/पूर्ण संशोधन अथवा विज्ञापन/नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द किया जा सकता है।

**(ज) आवेदन भेजने का पता :- जिला नियोजन कार्यालय, राँची रोड रेडमा, (सरकारी ITI के बगल में) मेदिनीनगर, पलामू, झारखण्ड, पिन 822101**

09/06/25

उपायुक्त
पलामू

# विहित प्रपत्र

## चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का पैनल निर्माण हेतु आवेदन का प्रपत्र

विज्ञापन संख्या– 01/2025

सेवा में,

उपायुक्त पलामू।

द्वारा :– जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू ।

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाये

1. आवेदित पद का नाम : ..............................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :..............................

(अंग्रेजी में) :..............................

3. लिंग ..............................

4. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) :..............................

(अंग्रेजी में) :..............................

5. कोटि (सामान्य/अ0पि0व0–1/पि0व0–2/अ0ज0जा0/अ0जा0/आ0क0वग(EWS)) :..............................

6. स्थायी पता :..............................

ग्राम :.............................. पोस्ट ..............................

थाना :..............................जिला :..............................पिन कोड :..............................

7. पत्राचार का पता :..............................

ग्राम :.............................. पोस्ट ..............................

थाना :..............................जिला :..............................पिन कोड :..............................

8. जन्म तिथि (अंक एवं अक्षर में) :..............................(..............................)

उम्र :– वर्ष (............) माह (.............) दिन (..........) (15.06.2025 को)

9. शरीर पर दो चिन्ह् का निशान :–

(i)..............................

(II) ..............................

10. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्र० सं० | परीक्षा का नाम | बोर्ड/संस्थान | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

11. क्या अभ्यर्थी 05.11.2017 को आयोजित लिखित परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं अथवा नहीं हाँ/नहीं यदि हाँ तो रौल नं0..................

12. क्या आवेदक पलामू जिला के निवासी हैं (हाँ/नही) :–..............................

13. आवेदन शुल्क की राशि एवं पोस्टल ऑडर/बैंक ड्राफ्ट संख्या ..............................

14. यदि दिव्यांग है तो दिव्यांगता प्रमाण पत्र संलग्न है या नहीं हाँ तो

प्रमाण पत्र संख्या.............................. निर्गत तिथि..............................

15. क्या आवेदक खेलकूद कोटा का दावा करते है या नहीं हाँ तो

प्रमाण पत्र संख्या.............................. निर्गत तिथि..............................

16. क्या आवेदक अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के सदस्य है। यदि हाँ तो प्रमाण–पत्र संलग्न करें।

प्रमाण पत्र संख्या.......................................निर्गत तिथि.......................................

17. आवासीय प्रमाण पत्र

प्रमाण पत्र संख्या....................................... निर्गत तिथि.......................................

18. नियोजनालय में निबंधन संख्या.......................................................................

स्थान :......................... आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांक :.........................

अनुलग्नक :–

(i) अद्यतन पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट आकार का स्व0 अभिप्रमाणित फोटो

(ii) दिनांक 05.11.2017 को आयोजित परीक्षा का प्रवेश पत्र (यदि हो तो....................)

(iii) मैट्रिक का अंक पत्र एवं मूल प्रमाण पत्र की प्रति

(iv) स्थानीय निवास प्रमाण पत्र/ जाति प्रमाण पत्र/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र की प्रति।

(v) नियोजन कार्यालय में निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।

(vi) अन्य विशेष योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र (यथा खेलकूद, दिव्यांगता इत्यादि)

(vii) स्वपता लिखा लिफाफा जिसक ऊपर 26 रू0 का डाक टिकट लगा हो।

(viii) शपथ पत्र की प्रति।

नोट :– उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र एवं फोटो को स्व अभिप्रमाणित किया जाना अनिवार्य है तथा विहित प्रपत्र को स्व हस्तलिखित भरेंगे।

## घोषणा पत्र

एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरणी मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य हैं। इसमें कुछ भी तथ्य गलत पाया जाएगा तो इसके लिये मैं स्वयं उत्तरदायी होउँगा/होउँगी।

**आवेदक का हस्ताक्षर**

## (कार्यालय उपयोग के लिये)

### पलामू समाहरणालय (जिला स्थापना शाखा)

चतुर्थ वर्गीय पद पर पैनल निर्माण हेतु आयोजित स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन हेतु प्रवेश–पत्र

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाये

परीक्षार्थी का नाम ............................................................क्रमांक...................................................

पिता/पति का नाम ....................................................................................................................

पता ..................................................................................................................................

साईकिल दक्षता परीक्षा की तिथि ....................................समय .......................स्थान................................................

स्वास्थ्य जाँच की तिथि.......................................................समय...........................स्थान.............................................

परीक्षा नियंत्रक का
हस्ताक्षर एवं मुहर

नोटः इसके साथ अभ्यर्थी फोटो युक्त एक मान्य पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लायेंगे।
(EPIC, PAN, ADHAR, BANK /POST OFFICE PASSBOOK, DRIVING LICENCE)

---

## (प्रवेश पत्र)

### पलामू समाहरणालय (जिला स्थापना शाखा)

चतुर्थ वर्गीय पद पर पैनल निर्माण हेतु आयोजित स्वास्थ्य जाँच एवं साईकिल चालन हेतु प्रवेश–पत्र

स्व अभिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाये

परीक्षार्थी का नाम ............................................................क्रमांक...................................................

पिता/पति का नाम ....................................................................................................................

पता ..................................................................................................................................

साईकिल दक्षता परीक्षा की तिथि ....................................समय .......................स्थान................................................

स्वास्थ्य जाँच की तिथि.......................................................समय...........................स्थान.............................................

परीक्षा नियंत्रक का
हस्ताक्षर एवं मुहर

नोटः इसके साथ अभ्यर्थी फोटो युक्त एक मान्य पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लायेंगे।
(EPIC, PAN, ADHAR, BANK /POST OFFICE PASSBOOK, DRIVING LICENCE)

# शपथ पत्र

मैं.............................................................पिता/पति का नाम.............................................................

पता.......................................................................................................................................................

.........................................................................शपथ लेता/लेती हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे ज्ञान में पूर्ण रूप से सत्य है, तथा मेरे द्वारा जमा किए गए सभी प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज पूर्णतः वैध है। भविष्य में उक्त के संबंध में किसी प्रकार की विसंगति सामने आने पर मैं पूर्णरूपेण इसके लिए जिम्मेदार होऊँगा/होऊँगी तथा मेरी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकेगी।

स्थान..................................

दिनांक.................................

आवेदक का हस्ताक्षर